

# अखंड भारत समाचार



पेज़ 05 मूल्य 4 रुपए रविवार,31 मई 2026 प्रकाशित – न्यू दिल्ली अंक:02


## विज्ञापन दें













विज्ञापन देने के लिए संपर्क करें 8708565733


# ग़ाज़ियाबाद के खोड़ा में छात्र की हत्या के अभियुक्त की एनकाउंटर में मौत, पुलिस ने क्या बताया

**ग़ाज़ियाबाद पुलिस ने इस बारे में जानकारी देते हुए बताया कि मुठभेड़ में मारे गए असद की खोड़ा इलाक़े में रहने वाले सूर्या चौहान की चाकू मारकर की गई हत्या के सिलसिले में तलाश थी**

पुलिस ने बताया कि चाकू लगने के बाद सूर्या चौहान गंभीर रूप से घायल हो गए थे. ग़ाज़ियाबाद में इस मामले को लेकर तनाव है.पत्रकारों को इस संबंध में जानकारी देते हुए बताया, "28 मई को थाना खोड़ा के तहत असद नाम के एक लड़के ने सूर्या चौहान को चाकू मार दिया था. इलाज के दौरान सूर्या चौहान की मौत हो गई थी."

"मामले में सूर्या चौहान के परिवार ने तहरीर दी थी. इसमें पांच अभियुक्तों के ख़िलाफ़ मुक़दमा रजिस्टर्ड किया गया था. तीन अभियुक्तों की गिरफ़्तारी 30 तारीख़ को की गई थी."



# कैप्टन जे. बी. कार्की एवं डॉ. ए. अंगप्पन के बीच महत्वपूर्ण मुलाकात, विभिन्न राष्ट्रीय एवं सामाजिक विषयों पर हुई चर्चा

देहरादून/उत्तराखंड।** उत्तराखंड के पूर्व मंत्री, उत्तराखंड गोरखा आयोग के अध्यक्ष रह चुके, पूर्व ओबीसी आयोग अध्यक्ष एवं अखिल भारतीय राष्ट्रीय गोरखा मोर्चा पार्टी (एनडीए) के राष्ट्रीय अध्यक्ष **कैप्टन जे. बी. कार्की** से आज **डॉ. ए. अंगप्पन (अरुण)** ने शिष्टाचार भेंट की।

डॉ. ए. अंगप्पन, देवर फिल्म्स एवं देवर ग्रुप ऑफ कंपनीज़ के सीईओ, ऑल इंडिया यूथ डेवलपमेंट एसोसिएशन के राष्ट्रीय उप सचिव तथा लीगल अवेयरनेस एसोसिएशन के राज्य सचिव हैं।

इस अवसर पर दोनों नेताओं के बीच राष्ट्रीय एकता, युवाओं के विकास, गोरखा समाज के उत्थान, सामाजिक जागरूकता, रोजगार सृजन, शिक्षा तथा देशहित से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत चर्चा हुई। बैठक के दौरान युवाओं को राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित करने तथा सामाजिक संगठनों की भूमिका को और अधिक प्रभावी बनाने पर भी विचार-विमर्श किया गया।

कैप्टन जे. बी. कार्की ने कहा कि समाज के सभी वर्गों को साथ लेकर चलना और युवाओं को सकारात्मक दिशा प्रदान करना समय की आवश्यकता है। वहीं डॉ. ए. अंगप्पन ने सामाजिक विकास, कानूनी जागरूकता और युवा सशक्तिकरण के लिए मिलकर कार्य करने की प्रतिबद्धता व्यक्त की।

मुलाकात सौहार्दपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुई तथा भविष्य में विभिन्न सामाजिक एवं राष्ट्रीय मुद्दों पर सहयोगात्मक प्रयासों को आगे बढ़ाने पर
सहमति बनी।



## लेबनान में घुसी इजरायली सेना, 44 साल बाद ब्यूफोर्ट किले पर लहराया इजरायली झंडा



इजरायली सैनिकों ने दक्षिणी लेबनान में रणनीतिक रूप से अहम पहाड़ी पर कब्जा कर लिया है जिसके शीर्ष पर ब्यूफोर्ट किला स्थित है। इस फोर्ट पर लगभग 44 साल बाद इजरायली झंडा लहराया है। यह 26 वर्ष से अधिक समय में लेबनान में इजराइली सेना का सबसे भीतर किया गया कब्जा है। इजराइली सेना ने रविवार को इस बात की जानकारी दी। बताया गया कि इजइराली सेना ने नबातियेह शहर के पास स्थित ब्यूफोर्ट किले पर आसपास के गांवों में कई दिन तक चली भीषण लड़ाई और हवाई हमलों के बाद कब्जा किया। इजराइली सैनिकों ने इन गांवों के दुर्गम इलाके में हिजबुल्ला सदस्यों से लड़ाई लड़ी। किले पर कब्जा करना मार्च की शुरुआत में इजराइल-हिजबुल्ला के बीच ताजा युद्ध शुरू होने के बाद इजराइल के लिए एक बड़ी उपलब्धि है। यह घटनाक्रम ऐसे समय हुआ है, जब 1948 में इजराइल के गठन के बाद से युद्ध की स्थिति में रहे दोनों देश वाशिंगटन में सीधी वार्ता कर रहे हैं। इजरायल की यह कार्रवाई 17 अप्रैल से लागू नाममात्र के संघर्षविराम के बावजूद हुई है। यह घटनाक्रम ऐसे समय हुआ है, जब अगले दौर की वार्ता दो और तीन जून को अमेरिकी विदेश मंत्रालय में होनी है।

## ईरान पर फिर घातक हमले करेंगे ट्रंप? अमेरिकी रक्षा मंत्री की चेतावनी, कहा- हमारे पास हथियारों की कमी नहीं




अमेरिका और ईरान के बीच बढ़ते तनाव के बीच अमेरिकी रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने फिर हमले की धमकी दे दी है. हेगसेथ ने कहा कि अगर ईरान के साथ कोई अंतिम समझौता नहीं हो पाता है, तो अमेरिका उस पर दोबारा हमले शुरू करने के लिए पूरी तरह तैयार है.

शनिवार को अमेरिका की तरफ से सामने आए इस बयान ने एक बार फिर युद्ध तेज होने के संकेत दे दिए हैं. हेगसेथ ने बताया है कि अमेरिका के पास हथियारों की कमी नहीं है, ऐसे में वो बिना किसी झिझक के जंग लड़ सकते हैं सिंगापुर में आयोजित एशिया के सबसे बड़े रक्षा मंच 'शांग्री-ला डायलॉग' में बोलते हुए रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने कहा, अगर जरूरी हुआ तो हमलों को दोबारा शुरू करने की हमारे भीतर पूरी क्षमता है. हेगसेथ ने ईरान के साथ जंग को लेकर आगे कहा, 'हम इसके लिए पूरी तरह सक्षम हैं. इसके लिए हमारे पास हथियारों का पर्याप्त भंडार है. ये स्टॉक उस क्षेत्र के साथ-साथ दुनिया भर में मौजूद है, इसलिए हम बहुत अच्छी स्थिति में हैं.'

शांग्री-ला डायलॉग में रक्षा क्षेत्र के नेताओं, सेनाओं और राजनयिकों को संबोधित करते हुए अमेरिकी रक्षा मंत्री ने दुनिया को यह भरोसा भी दिलाया कि ईरान के साथ चल रहे टकराव के बावजूद अमेरिका ने एशिया-पैसिफिक क्षेत्र से अपना ध्यान नहीं हटाया है. उन्होंने दावा किया कि महाशक्ति होने के नाते अमेरिका एक साथ दो मोर्चों को संभाल सकता है. .

# दो बार हैक हुआ CBSE का पोर्टल, बोर्ड का बदले रुख, सुरक्षा खामियों को किया स्वीकार




ऑन स्क्रीन मार्किंग सिस्टम को लेकर CBSE की ओर से सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक बार फिर से बयान सामने आया है. बोर्ड ने पोस्ट कर कहा कि हम अपने ऑनमार्क पोर्टल में सामने आ रही खामियों पर लगातार नजर रख रहे हैं. सरकार के अलग-अलग विभागों और IIT के साइबर सुरक्षा विशेषज्ञों की एक टीम को सिस्टम को और सुरक्षित बनाने के लिए लगाया गया है. केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (CBSE) के डिजिटल प्लेटफॉर्म ऑनमार्क पोर्टल को लेकर आ रही शिकायतों को लेकर बयान जारी किया है. इसे लेकर बोर्ड ने कहा कि पोर्टल में आ रही कमियों को सरकार ने बेहद गंभीरता से ले रही है. सार्वजनिक डोमेन में इस तकनीकी चूक की खबरें आने के तुरंत बाद सरकार और देश के शीर्ष तकनीकी संस्थानों ने मिलकर इस काम शुरू कर दिया, जिसके बाद अब इस खतरे को पूरी तरह टाल दिया गया है. हालांकि,अन्य शिकायतों को दूर करने की कोशिश की जा रही है.

पिछले कुछ दिनों से सरकार की विभिन्न सुरक्षा एजेंसियों और भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थानों (IITs) के शीर्ष साइबर सुरक्षा एक्सपर्ट्स की एक हाई-टेक टीम इस सिस्टम को मजबूत बनाने के लिए पूरी कोशिश कर रही है. इस टीम ने न सिर्फ तकनीकी खामियों को खोजा बल्कि पूरे ऑनमार्क पोर्टल को एक अत्यधिक सुरक्षित और नए इंफ्रास्ट्रक्चर सेटअप पर शिफ्ट कर दिया है.

## सात्विक-चिराग ने रचा इतिहास... इंडोनेशियाई जोड़ी को हरा जीता सिंगापुर ओपन



बैडमिंटन स्टार्स सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी फॉर्म में लौट चुके हैं. इस भारतीय जोड़ी ने सिंगापुर ओपन में डबल्स टाइटल जीतकर इतिहास रच दिया. सात्विक-चिराग ने सेमीफाइनल में वर्ल्ड नंबर-1 जोड़ी को हराया था. भारतीय बैडमिंटन से जुड़ी एक शानदार खबर सामने आई है. सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की स्टार जोड़ी ने आखिरकार वह कर दिखाया, जिसका भारतीय फैन्स लंबे समय से इंतजार कर रहे थे. दुनिया की पूर्व नंबर-1 भारतीय जोड़ी ने बीडब्ल्यूएफ सुपर 750 सिंगापुर ओपन में मेन्स डबल्स खिताब जीतकर इतिहास रच दिया. सात्विक-चिराग की जोड़ी सिंगापुर ओपन में डबल्स खिताब जीतने वाली पहली भारतीय जोड़ी बन गई. यही नहीं, यह उनके करियर का नौवां वर्ल्ड टूर खिताब और तीसरा सुपर 750 टाइटल भी रहा. रविवार (31 मई) को खेले गए रोमांचक फाइनल में भारतीय जोड़ी ने इंडोनेशिया के फजर अल्फियान और मोहम्मद शोहिबुल फिक्री को 18-21, 21-17, 21-16 से हराया. करीब 1 घंटे 13 मिनट तक चले इस हाईवोल्टेज मुकाबले में सात्विक और चिराग ने पहला गेम गंवाने के बाद जिस अंदाज में वापसी की, उसने पूरे स्टेडियम को रोमांच से भर दिया. यह सिर्फ एक खिताबी जीत नहीं थी, बल्कि दो साल के लंबे इंतजार, लगातार हारते फाइनल और दबाव के खिलाफ बड़ी जीत भी थी. भारतीय जोड़ी ने आखिरी बार 2024 थाईलैंड ओपन जीता था. इसके बाद चार अलग-अलग फाइनल में पहुंचने के बावजूद हर बार ट्रॉफी हाथ से निकल गई थी. लेकिन इस बार सिंगापुर में दोनों खिलाड़ियों ने इतिहास बदल दिया.

## PSG Champions League: PSG की जीत के बाद पेरिस में बेकाबू हुए फैंस! जश्न के बीच आगजनी और हिंसा



फ्रांस की राजधानी पेरिस में पेरिस सेंट-जर्मेन (PSG) की चैंपियंस लीग जीत का जश्न कई जगहों पर हिंसा और अव्यवस्था में बदल गया. पुलिस ने शहर के अलग-अलग इलाकों से दर्जनों लोगों को हिरासत में लिया है.हंगरी की राजधानी बुडापेस्ट में खेले गए चैंपियंस लीग फाइनल में PSG ने पेनल्टी शूटआउट में आर्सेनल को हराकर खिताब जीता. मैच खत्म होते ही पेरिस में हजारों प्रशंसक सड़कों पर उतर आए और जीत का जश्न मनाने लगे. आर्क डी ट्रायम्फ और चैंप्स-एलिसीज़ इलाके में बड़ी संख्या में लोग जुटे. कई प्रशंसक सड़कों पर मार्च करते नजर आए, कुछ लोगों ने फ्लेयर जलाए और वाहनों के हॉर्न बजाकर खुशी जाहिर की. बताया गया कि करीब 20,000 लोग चैंप्स-एलिसीज़ क्षेत्र में मौजूद थे.हालांकि जश्न के दौरान कई जगहों पर हालात बिगड़ गए. पेरिस पुलिस प्रीफेक्चर के अनुसार, कुछ छोटे समूहों ने शहर के अलग-अलग हिस्सों में उपद्रव किया. कई दुकानों में तोड़फोड़ की गई और आगजनी की घटनाएं भी सामने आईं. कई वाहनों को आग के हवाले कर दिया गया पुलिस ने बताया कि एक पुलिसकर्मी इस दौरान घायल हो गया. अधिकारियों के अनुसार, कुछ लोगों ने पेरिस के पॉश 8वें एरोंडिसमेंट इलाके में स्थित एक पुलिस स्टेशन में घुसने की कोशिश भी की. पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए उन्हें वहां से खदेड़ दिया.स्थानीय समयानुसार रात 10 बजे तक कम से कम 45 लोगों को हिरासत में लिया गया था. पुलिस ने कहा कि स्थिति को नियंत्रित करने के लिए लगातार कार्रवाई की गई.इस दौरान पेरिस की मुख्य रिंग रोड भी कुछ समय के लिए प्रदर्शनकारियों और भीड़ की वजह से बंद रही.

## बॉबी देओल बोले- 'जब वी मेट' से रिप्लेस होने के बाद जो दर्द और गुस्सा झेला, अच्छा एक्टर बनने पर काम किया



अनुराग कश्यप की थ्रिलर फिल्म 'बंदर' में एक्टर बॉबी देओल एक ऐसे स्टार के रोल में नजर आएंगे, जिसका करियर ढलान पर है। यह फिल्म 5 जून को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। बॉबी की असल जिंदगी के करियर से यह रोल काफी मिलता-जुलता है, क्योंकि उन्होंने संदीप रेड्डी वांगा की 2023 में आई क्राइम ड्रामा फिल्म 'एनिमल', प्रकाश झा के अमेजन एमएक्सप्लेयर क्राइम ड्रामा 'आश्रम' और आर्यन खान की नेटफ्लिक्स इंडिया पर पहली निर्देशित फिल्म 'द बैड्स ऑफ बॉलीवुड' जैसी फिल्मों में वापसी की है। हाल ही में एक इंटरव्यू में, बॉबी ने बताया कि कैसे उन्होंने अपने जीवन के एक चुनौती भरे दौर से उपजे नफरत और गुस्से का इस्तेमाल एक बेहतर एक्टर बनने के लिए किया। बॉबी देओल के करियर के बुरे दौर में एक बड़ा झटका तब लगा जब इम्तियाज अली की 2007 की मशहूर रोमांटिक कॉमेडी फिल्म 'जब वी मेट' में उन्हें शाहिद कपूर से रिप्लेस कर दिया गया था। हालांकि बॉबी ने इम्तियाज और करीना कपूर को फिल्म के लिए राजी कर लिया था और प्रोडक्शन हाउसों को फिल्म की पेशकश कर रहे थे, लेकिन बाद में उन्हें पता चला कि उन्हीं बैनरों में से एक ने उसी डायरेक्टर और उसी एक्ट्रेस के साथ वही फिल्म बनाई, बस बॉबी की जगह शाहिद को ले लिया। बॉबी देओल ने इस पर 'आप की अदालत' में कहा, 'वो कहानी अब खत्म हो चुकी है। हम दोस्त हैं। मेरा दिल टूट गया था क्योंकि मुझे अपने करियर के उस दौर में ऐसी फिल्म की बहुत जरूरत थी। जब इम्तियाज अली अभय के साथ 'सोचा ना था' बना रहे थे, तब से ही मुझे उन पर पूरा भरोसा था।'



OICCI
OASIS INTERNATIONAL CHAMBER OF COMMERCE AND INDUSTRY
OICCI (Oasis Group) –
Global Strategic Partner of Antra Group
Antra
Antra Developers
ANTRA DEVELOPERS
India's Fastest Growing Real Estate Company
INVEST TODAY IN
DHOLERA
SMART CITY PLOTTING
हर कदम भरोसे का, हर दिशा विकास की
Residential
Industrial
Commercial
India's One of the Largest Growing Companies
FUTURE READY INVESTMENT
TRUSTED NAME
PREMIUM LOCATIONS
WORLD CLASS INFRASTRUCTURE
HIGH GROWTH POTENTIAL
CLEAR TITLES & LEGAL SECURITY
BOOK YOUR PLOT NOW
info@antradevelopers.com | Call / WhatsApp: 7878781509 | 8708565733 | www.antradevelopers.com




Antra
Antra Developers
OICCI
OASIS INTERNATIONAL CHAMBER OF COMMERCE AND INDUSTRY
OICCI (Oasis Group) - Global Strategic Partner of Antra Group
YOUR VISION. OUR MISSION.
हर कदम भरोसे का, हर दिशा विकास की
INDIA'S FASTEST GROWING REAL ESTATE COMPANY
RESIDENTIAL
INDUSTRIAL
COMMERCIAL
SMART CITY PLOTTING
India's One of the Largest Growing Companies
Future-Ready Investment
Trusted Name for Generations
BOOK YOUR PLOT NOW
info@antradevelopers.com | Call / WhatsApp: 7878781509 | 8708565733 | www.antradevelopers.com




OICCI
Antra
हर कदम भरोसे का हर दिशा विकास की
हम लेकर आ रहे है
आपके शहर में
DHOLERA SMART CITY
CEO CONCLAVE 2026
देशभर के उद्यामपतियों, निवेशकों, बिजनेस लीडर्स और चैनल पार्टनर्स को
CEO CONCLAVE में आमंत्रित कर रहे है।
भविष्य के भारत की सबसे बड़ी
SMART CITY OPPORTUNITY
पर विशेष चर्चा
★ You Are Invited ★
INVESTMENT OPPORTUNITIES
FUTURE INFRASTRUCTURE
BUSINESS NETWORKING
WEALTH CREATION
CHANNEL PARTNERS
8708565733
7878781509
www.antradevelopers.com



## Delhi News: महरौली बिल्डिंग हादसे में एक्शन, मालिक पर गैर इरादतन हत्या का केस दर्ज

Mehrauli Building Collapse: पुलिस ने मामला दर्ज कर बिल्डिंग मालिक के खिलाफ कर्रावी शुरू कर दी है. आरोपी बिल्डिंग मालिक के की गिरफ्तारी के लिए रेड की जा रही है. इस हादसे में एक शख्स की मौत हो गयी है. दिल्ली में शनिवार रात हुए महरौली बिल्डिंग हादसे में दिल्ली पुलिस ने एक्शन लेते हुए बिल्डिंग मालिक के खिलाफ गैर इरादतन हत्या का केस दर्ज किया है. साथ ही आरोपी बिल्डिंग मालिक की गिरफ्तारी के लिए रेड की जा रही है. इस हादसे में एक शख्स की मौत हो गई है, जबकि कई लोग घायल हुए हैं. मामले की गंभीरता को देखते हुए सीएम रेखा गुप्ता ने भी मौके पर जाकर निरीक्षण किया. राहव एवं बचाव कार्य शनिवार देर रात का जारी रहा. रात भर राहत एवं बचाव अभियान लगातार जारी रहा और अब भी मलबे में अन्य लोगों के फंसे होने की आशंका के मद्देनजर एनडीआरएफ समेत कई एजेंसियां मौके पर तैनात हैं. हादसे के बाद मौके पर काफी देर अफरा-तफरी का माहौल रहा. दिल्ली सीएमओ के सोशल मीडिया अकाउंट पर जानकारी दी गई कि मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने आज सैदुलाजाब में घटनास्थल का दौरा किया और चल रहे राहत एवं बचाव कार्यों की समीक्षा की. बचाव दल कल रात से ही लगातार इन कार्यों में जुटे हुए हैं. मुख्यमंत्री के निर्देशों पर त्वरित कार्रवाई की गई है और महरौली पुलिस थाने में एक आपराधिक मामला दर्ज किया गया है. दक्षिण जिले के जिला मजिस्ट्रेट के नेतृत्व में एक मजिस्ट्रियल जांच के आदेश दिए जा रहे हैं.








OASIS न्यूज़

हिंदी दैनिक अखंड भारत समाचार

प्रकाशित न्यू दिल

E-mail . oasisnewstv@gmail.com Website. www.oasisnews.in

Number. 8708565733

COMMERCIAL TARIFF CARD

DELHI-RAJASTHAN-LUCKNOW

EFFECT FROM 1ST JANUARY 2026

| PARTICULARS | Per Col. Sq.cm |
|---|---|
| REGULAR DISPLAY IN ELECTION | (Color) Rs.250/- |
| REGULAR DISPLAY ADVERTISEMENTS IN B & W | Rs.100/- |
| REGULAR DISPLAY ADVERTISEMENTS IN COLOR | Rs.200/- |
| TENDER NOTICE, COMPANY NOTICE, LEGAL &PUBLIC NOTICES | Rs.200/- |
| EAR PANEL (FRONT PAGE) | Rs.250/- |
| CLASSIFIED ADVERTISEMENTS | Rs.100/-per Line |
| CHANGE OF NAME, MATRIMONIAL, SITUATION | |
| FULL PAGE (B/W) | Rs.1.26,100/- |
| FULL PAGE (COLORS) | Rs.3,45,200/- |
| QUARTER PAGE SINGLE EDITION (COLOR) | Rs.1,50,000/- |
| SPECIAL POSITON | |
| FRONT PAGE | 100% Extra |
| COLUMNPER PAGE | 8 Columns |
| WIDTH OF COLUMN | 4 Cm |
| LENGTH OF COLUMN | 52 Cm |

WE HAVE COMPLETE ARRANGEMENT FOR TRANSLATION

OFFICE: Paschim Vihar, New Delh
110063
Ph.: 8708565733
E-mail: oasisnewstv@gmail.com
Website: www.oasisnews.in

